an>

Title: The Speaker on behalf of the House congratulated the Indian contingent which participated and won 15 gold, 30 silver and 19 bronze medals in the 20^{th} Commonwealth Games at Glasgow, Scotland.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, स्कॉटलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई, 2014 को प्रारंभ हुए 20वें राÂट्रमंडल खेल का कल 3 अगस्त, 2014 को समापन हो गया। जैसा कि आप सभी को स्मरण होगा कि 30 जुलाई, 2014 को सभा ने उन भारतीय एथलीटों को मेरे साथ सभी ने बधाई दी थी जिन्होंने तब तक पदक जीते थे और इन खेलों में भारतीय दल की अद्वितीय सफलता की कामना हमने की थी। भारतीय दल ने राष्ट्रमंडल खेलों में 15 स्वर्ण, 30 रजत और 19 कांस्य पदक जीतकर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

मुझे विश्वास है कि सभा उन सभी भारतीय एथलीटों, जिन्होंने हमारे देश के लिए पदक जीते हैं तथा ऐसे खिलाड़ियों, जिन्होंने सच्ची खेल भावना और मैत्रीभाव से इन खेलों में भाग लिया है, उन सभी को हार्दिक बधाई देने में मेरा साथ देंगे।

मुझे विश्वास है कि भारतीय दल की यह शानदार उपलब्धि हमारे सभी उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलों को अपनाने और भविष्य में देश को गौरवान्वित करने में उत्साह और प्रेरणा का स्रोत बनेगी।